उपलब्धि | टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर व सेवा क्षेत्रों में महिलाओं ने नवाचार के साथ मजबूती दर्ज कराई

महिलाओं के हाथ 9600 स्टार्टअप की कमान

30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ रहीं हैं यूपी की महिलाएं

- निधि योजना से 25 महिला स्टार्टअप को वित्तीय मदद दी जा रही

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपी में महिला उद्यमिता की ताकत लगातार बढ़ रही है। 9600 स्टार्टअप की कमान महिलाओं के हाथ में है। महिला संचालित स्टार्टअप 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ रहे हैं। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर व सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा रही हैं और नई पहचान बना रही हैं।

महिला संचालित स्टार्टअप की यह बढ़ती संख्या प्रदेश में बदलती आर्थिक व सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को आगे बढ़ा रहा है। यूपी सरकार की ओर से लागू की गई स्टार्टअप नीति व नवाचार को बढ़ावा देने वाली पहल के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, इन्क्यूबेशन व वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे वे अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्यम में बदल पा रही हैं। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से नेशनल इनिशिएटिव फॉर डवलपिंग एंड हर्नेसिंग इनोवेशन्स (निधि) कार्यक्रम महिला स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। निधि योजना के अंतर्गत उप्र के 25 महिला स्टार्टअप को वित्तीय मदद दी जा रही है, जिससे नवाचार बढ़ाने व व्यवसाय के विस्तार का अवसर मिला।